# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 24/01/2024**

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 22/2024
24 जनवरी 2024
टीबी सेनिटोरियम मैदान,इटकी, रांची
===========================
झारखंड में विश्वस्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल का शुभारम्भ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन।
===========================
मुख्यमंत्री ने इटकी में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।
===========================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्री अजीम प्रेमजी से की वार्ता। मुख्यमंत्री ने अजीम प्रेम जी के प्रति आभार जताया।
===========================

★ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व्यापार नहीं बल्कि सामाजिक सरोकार से जाना जाता है

★ राज्य वासियों को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से मजबूत करना लक्ष्य

★ अजीम प्रेमजी का यह प्रोजेक्ट राज्य के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा

★ कई क्षेत्र में हुए बेहतरीन कार्य

-- श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री
===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एक विश्वसनीय संस्थान है। फाउंडेशन इटकी में विश्व स्तरीय अज़ीम प्रेमजी  यूनिवर्सिटी,  500 शैय्या वाला मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल का निर्माण करेगा। इटकी में संस्थान द्वारा 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। आने वाले समय में इटकी का देश में अलग पहचान होगा। वर्ष 2026 तक अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एवं स्कूल में पठन-पाठन का काम शुरू होगा। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की रोशनी दूर तलक पहुंचेगी। कमजोर से कमजोर परिवार तक फाउंडेशन की सहायता पहुंचाने का कार्य प्रतिबद्धता के साथ किया जाएगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज टीबी सेनेटोरियम मैदान इटकी में आयोजित विश्व स्तरीय अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल निर्माण का शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

**खनिज संपदाओं से हटकर विकास के अन्य संभावनाओं को तलाशने का काम हुआ**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार खनिज संपदाओं से अलग हटकर विकास के अन्य संभावनाओं को तलाश रही है। झारखंड आमतौर पर खनिज संपदाओं के लिए जाना जाता रहा है। खनिज संपदाओं की भरमार होने के बावजूद झारखंड पिछड़े राज्यों के पायदान पर खड़ा रहा है। यहां लगभग 100 वर्ष से खनिज संपदाएं निकाली  जाती रही हैं, परंतु इसका लाभ झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, गरीब, पिछड़ा अल्पसंख्यक सहित किसी भी वर्ग-समुदाय के लोगों को पूर्ण रूप से नहीं मिल पाया। झारखंड देश का ऐसा राज्य है जहां गांव-गांव घर-घर तक बिजली पहुंचनी चाहिए थी, जो अब तक नहीं हो सका आज भी राज्य में कई ऐसे गांव है जहां बिजली नहीं पहुंची है। झारखंड के खनिज संपदाओं का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया और वे अमीर होते रहे और हमारे राज्य के लोग गरीबी में पलते रहे। हमारी सरकार अब राज्य में सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के रास्ते को ढूंढते हुए कई महत्वपूर्ण और कल्याणकारी कार्य कर रही है।

**अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व्यापार नहीं बल्कि सामाजिक सरोकार के लिए जाना जाता है**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्थान एक ऐसा नाम है जिसे पूरी दुनिया जानती है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन व्यापार के लिए नही बल्कि सामाजिक सरोकार के लिए जाना जाता है। इस संस्थान द्वारा समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक बेहतर शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया जा रहा है। इस संस्थान का सामाजिक सरोकार से गहरा नाता रहा है। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ राज्य सरकार ने एक बेहतर समन्वय बनाया। संस्थान अगर चाहती तो यह प्रोजेक्ट कोई और प्रदेश में भी लगा सकती थी, लेकिन संस्थान के सीईओ श्री अनुराग बेहर ने राज्य सरकार की नीति एवं प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए प्रोजेक्ट के लिए इटकी को ही चुना है। राज्य सरकार ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की जरूरतों और अन्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्तर पर

सभी कार्य एक नियत समय में पूरा करने का काम किया। राज्य सरकार संस्थान की पूरी जानकारी हासिल की और आज यह एक बड़ा प्रोजेक्ट इटकी में स्थापित हो रहा है।

**मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए श्री अजीम प्रेमजी से की वार्ता**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं श्री अजीम प्रेमजी के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्री अजीम प्रेम जी को पूरे झारखंड वासियों की तरफ से अभिनन्दन और "जोहार" किया। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि आपका और आपकी पूरी टीम के सहयोग से आज इटकी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल निर्माण का शुभारम्भ कार्य संपन्न हो हुआ है। आपकी टीम के सामाजिक सरोकार एवं सेवा भाव के प्रति मैं अपनी ओर से आपका आभार प्रकट करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार और आपकी संस्थान ने समन्वय बनाकर इटकी जैसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में फाउंडेशन के आगे बढ़ने की परिकल्पना आज सस्कार होता दिख रहा है। आपकी और आपकी टीम के सहयोग से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में इटकी में स्थापित होने वाला यह यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज एवं स्कूल राज्य के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन झारखंड के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान बनकर उभरेगा। झारखंड आदिवासी, दलित, पिछड़ा बहुल राज्य है। मुझे पूरा विश्वास है कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन इन सभी वर्ग समुदाय के लिए सेवा भाव के साथ कार्य करेगा और राज्य को विकास की राह में आगे ले जाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर श्री अजीम प्रेमजी ने भी मुख्यमंत्री से कहा कि फाउंडेशन राज्य सरकार के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए राज्य के विकास में अपना पूरा योगदान देगी। राज्य के सर्वांगीण विकास में संस्थान आपके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगी।

**कोरोना संक्रमण के समय सरकार ने संवेदनशीलता के साथ किया कार्य**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के समय जब देश और दुनिया के हालात बिगड़ते चले गए, वैसी स्थिति में झारखंड जैसा पिछड़ा राज्य एक बेहतर मैनेजमेंट के तहत बिना कोई अफरा-तफरी के राज्यवासियों एवं प्रवासी मजदूरों को राहत देने का कार्य कर दिखाया है। कोरोना संक्रमण के समय राज्य सरकार और आम जनता ने एक बेहतर उदाहरण देश के समक्ष रखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने पूरी दुनिया को आर्थिक संकट में डालने का काम किया। वर्तमान में कोरोना संक्रमण के वजह से बेरोजगारी भी बढ़ी है। इस वैश्विक महामारी ने देश और दुनिया में कई कल कारखानाओं को बंद होने पर मजबूर किया। न जाने कितने प्रवासी मजदूर बेघर हुए। ऐसी विपरीत स्थिति में भी हमारी सरकार ने राज्य के प्रवासी मजदूरों

को सहारा दिया तथा उन्हें विभिन्न माध्यमों से वापस झारखंड लाने का कार्य करते हुए उन्हें रोजगार देने का भी काम किया।

**कोरोना संक्रमण के समय ही अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ समन्वय स्थापित हुआ**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्ष 2021 जब वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण पूरी दुनिया को अपने आगोश में ले रखा था उसी दौरान राज्य सरकार एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ श्री अनुराग बेहर  के बीच समन्वय स्थापित हुआ। वर्ष 2021 से अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज एवं स्कूल की स्थापना को लेकर हम लोगों ने एक कार्य योजना तैयार किया जो आज मूर्त रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि हम किस तरह  यहां के लोगों का सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक उन्नयन कर सकें।

**कई क्षेत्र में हुए बेहतरीन कार्य**

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार गठन के बाद से ही राज्य के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। हमारी सरकार ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बदलने का पूरा प्रयास किया है। आज हम राज्य में प्राइवेट स्कूलों के तर्ज पर सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में परिवर्तित कर रहे हैं। आने वाले दिनों में राज्य के 5000 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जाएगा।

**अध्यनरत बच्चों को मिल रहा है गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे आदिवासी, दलित, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय के बच्चे अब पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, जज इत्यादि सरकारी अफसर बन सके इस निमित्त गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत हमारी सरकार यहां के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को आर्थिक मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत अब गरीब परिवारों के बच्चों को भी विदेश में पढ़ने के लिए सत प्रतिशत स्कॉलरशिप राज्य सरकार दे रही है। राज्य के स्कूलों में अध्यनरत सभी बच्चियों को सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। अब तक 9 लाख से अधिक बच्चियों को इस योजना से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से कहा कि अब आप बेटे और बेटी में कोई फर्क न करें। बेटियों को अधिक से अधिक पढ़ने का मौका दें। बेटियों की पढ़ाई में राज्य सरकार आपकी पूरी मदद करेगी।

इस अवसर पर सांसद श्री सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक श्री बंधु तिर्की, अपर मुख्य सचिव श्री राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार चौबे, सचिव श्री राहुल पुरवार, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ श्री अनुराग बेहर सहित राज्य सरकार के अन्य पदाधिकारी एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

==========================

**#Team PRD(CMO)**